कैंपस प्लेसमेंट के तहत लिखित परीक्षा में 58 विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा

हिसार में डीएन कॉलेज में कैंपस प्लेसमेंट की परीक्षा देते विद्यार्थी। संवाद

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के जनसंचार विभाग में विद्यार्थियों की प्लेसमेंट ड्राइव के पहले चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि संस्थान में विद्यार्थियों की कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव करवाना पाठ्यक्रम का एक हिस्सा है।

मीडिया संस्थान ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के लिए जनसंचार विभाग को चिन्हित किया। जनसंचार विभाग के इंचार्ज मनजीत सिंह ने बताया कि 58 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा दी। जिसमें हरियाणा प्रदेश की राजनीति, सामान्य ज्ञान, न्यूज रिपोर्टिंग, रचनात्मकता, अनुवाद कला इत्यादि विषयों के सवाल थे। लिखित परीक्षा में कुल 11 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए जो सामूहिक चर्चा में भाग लेंगे। जिसके बाद उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को अमर उजाला समूह में चयनित किया जाएगा। इस मौके पर विभाग के सहायक प्रोफेसर नरेंद्र सोनी, सुनील कुमार, डॉ. रेखा रानी, राजीव तुर्किया, डॉ. मुकेश शर्मा, गैर शिक्षक कर्मचारी अनिल शर्मा, मोहनलाल, विजय उपस्थित रहे। संवाद

PLEASE
KEEP
SILENCE